# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 1150/कमेटी/2024 दिनांक : 28 मार्च, 2024

सेवा में,

**प्राचार्य गण,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**महोदय,**

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 21–03–2024 में लिए गए निर्णय के क्रम में आप को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय नए अकादमिक सत्र 2024–25 में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर रहा है।

इस सम्बन्ध में आपको अवगत करना है कि:

1. व्यावसायिक तथा स्ववित्तपोषित कार्यक्रमों में केन्द्रीकृत प्रवेश की प्रक्रिया पहले से ही चली आ रही है जो लागू रहेगी। इनमें महाविद्यालयों की प्रतिभागिता अपरिहार्य है।
2. गैर व्यावसायिक कार्यक्रमों (जैसे B.A., B.Sc. (Maths तथा Bio), B.Com., M.A., M.Sc. एवं M.Com.) में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में महाविद्यालय ऐच्छिक रूप से सम्मिलित हो सकते हैं। यह बाध्यकारी नहीं होगा। इस केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले महाविद्यालय यदि चाहें तो पूर्वनिर्धारित कुछ सीटों पर सीधे प्रवेश लेने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।
3. केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों को एक प्रतिभागिता शुल्क विश्वविद्यालय को देना होगा जिसकी दरें निम्नलिखित है–

   (अ) सामान्य (गैर व्यावसायिक) कार्यक्रमों के लिए महाविद्यालय को न्यूनतम रू0 40,000/– (चालीस हजार मात्र) का शुल्क देना होगा जिसमें वे दो कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेगें। इन दो कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों से अतिरिक्त किसी अन्य कार्यक्रम/पाठ्यक्रम में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में प्रतिभागिता हेतु रू0 20,000/– (बीस हजार मात्र) प्रति कार्यक्रम/पाठ्यक्रम की राशि देय होगा।

   (ब) व्यावसायिक कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों (उपरोक्त उल्लिखित के अतिरिक्त) हेतु महाविद्यालयों को न्यूनतम रू0 100000/–(एक लाख रूपये) मात्र का प्रतिभागिता शुल्क देना होगा जिसमें वे दो कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त किसी अन्य कार्यक्रम/पाठ्यक्रम की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में प्रतिभागिता हेतु रू0 50,000/– (पचास हजार मात्र) प्रति कार्यक्रम/पाठ्यक्रम की राशि देय होगी।

   पहले से व्यावसायिक/स्ववित्तपोषित कार्यक्रम/पाठ्यक्रम संचालित कर रहे महाविद्यालयों को भी प्रतिभागिता शुल्क देना होगा।
4. महाविद्यालयों द्वारा केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में प्रतिभाग हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप तथा शुल्क जमा करने हेतु खाता सम्बन्धी विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

5. व्यावसायिक / स्ववित्तपोषित कार्यक्रम / पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त महाविद्यालयों तथा सामान्य कार्यक्रम / पाठ्यक्रम में केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने के इच्छुक महाविद्यालयों के लिए प्रतिभागिता शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 10 अप्रैल 2024 निर्धारित की गयी है. इस तिथि तक प्रतिभागिता शुल्क जमा करना अनिवार्य है।

6. प्रवेश समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष आनलाइन कांउसिलिंग द्वारा पारदर्शी और सुविधाजनक प्रवेश प्रक्रिया का पालन किया जायेगा। आनलाइन कांउसिलिंग हेतु रू0 200/– का शुल्क निर्धारित किया गया है, परन्तु कतिपय अन्य कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों में जहाँ आनलाइन कांउसिलिंग शुल्क पूर्व में लिया जाता रहा है, काउंसिलिंग शुल्क पूर्ववत रहेगा।

भवदीय

for **कुलसचिव**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निदेशक, केन्द्रीय प्रवेश समिति।
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
3. वित्त अधिकारी।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. प्रभारी, आई.टी.सी. सेल उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी सम्बद्धता, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

for **कुलसचिव**

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया 2024–25**

**प्रतिभागिता आवेदन प्रपत्र**

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | |
| महाविद्यालय का सम्बद्धता कोड | |
| महाविद्यालय की श्रेणी (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित) | |
| महाविद्यालय का पूर्ण पता एवं पिन कोड | |
| प्राचार्य का नाम | |
| मोबाइल नं0 | |
| ई–मेल | |
| प्रवेश प्रक्रिया हेतु महाविद्यालय के प्रतिनिधि का नाम | |
| मोबाइल नं0 | |
| ई–मेल | |

**प्रतिभागिता सम्बन्धी विवरण**

| क्रम सं0 | कार्यक्रम / पाठ्यक्रम का नाम | संकाय / विषय | कार्यक्रम / पाठ्यक्रम की प्रकृति व्यावसायिक / सामान्य | उपलब्ध सीटों की कुल संख्या | केन्द्रीकृत प्रवेश हेतु निर्धारित सीट | प्रवेश प्रतिभागिता शुल्क | शुल्क भुगतान का पूर्ण विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**प्राचार्य का हस्ताक्षर एवं मुहर**

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 21–03–2024 में लिए गए निर्णय के क्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के नए अकादमिक सत्र 2024–25 में केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया हेतु महाविद्यालयों द्वारा प्रतिभागिता शुल्क निम्नलिखित खाते में ऑनलाइन ट्रान्सफर के माध्यम से जमा किया जा सकता है.

| | | |
|---|---|---|
| खाता संख्या | : | 50100713519148 |
| खाते का नाम | : | Admisson Fees Collection Account |
| बैंक का नाम | : | HDFC Bank |
| शाखा / नगर का नाम | : | Upper Ground Floor, Ambeshwari Palace, Betiahata Gorakhpur |
| IFSC Code | : | HDFC0004761 |

वित्त अधिकारी